पंतनगर के खरीफ दलहन शोध कार्यक्रम को सर्वश्रेष्ठ केंद्र पुरस्कार

जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर की दलहन संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (आईसीएआर) को खरीफ दलहन श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ केंद्र का पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के तत्वावधान में कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, जी के वी के, बैंगलोर में 5-7 मई, 2026 के दौरान आयोजित वार्षिक दलहन सम्मेलन में दिया गया। आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट ने उप महानिदेशक डॉ. डी.के. यादव और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में दलहन समूह को सम्मानित किया। दलहन फसलों के स्थानीय कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एस.के. वर्मा एवं अन्य वैज्ञानिक, डॉ. केपीएस कुशवाहा, डॉ. रुचिरा तिवारी, डॉ. जेपी पुरवार और डॉ. विनीता राठौर ने भी यह सम्मान ग्रहण किया। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. एस.के. कश्यप ने दलहन वैज्ञानिकों को विश्वविद्यालय के लिए यह गौरव लाने पर बधाई दी।